कोटद्वार, बुधवार
28 फरवरी 2024
वर्षः 45
अंकः 295 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नगेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# समग्र, समावेशी, संतुलित और विकासोन्मुखी है बजट : मुख्यमंत्री

**● प्रधानमंत्री जी द्वारा बताए गए चार स्तंभों गरीब, युवा, महिला और किसान को समर्पित है बजट ● वर्ष 2024–25 के लिए प्रस्तुत किया गया 89,230 करोड़ रूपए का बजट, पिछले वर्ष से 15.27 प्रतिशत अधिक**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को उत्तराखंड विधानसभा में प्रस्तुत बजट को समग्र, समावेशी, संतुलित और विकासोन्मुखी बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने विकसित भारत के चार स्तंभ, गरीब, युवा, महिला और किसान बताए हैं और हमारी सरकार द्वारा आज प्रस्तुत बजट इन्हीं को समर्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने वर्ष 2024–25 के लिए 89,230 करोड़ रूपए का बजट प्रस्तुत किया गया जो पिछले वर्ष से 15.27 प्रतिशत अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सशक्त उत्तराखंड के लिए हमारी सरकार विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रही है। औद्योगिक विकास और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकार ने 30 से अधिक नीतियां बनाई हैं और इसके सकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की आर्थिक विकास की दर वर्ष 2022–23 में 7.63 प्रतिशत रही है जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023–24 में भी लगभग यही दर अनुमानित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी प्रति व्यक्ति आय में 12 प्रतिशत वृद्धि हुई है। वर्ष 2023–24 में प्रति व्यक्ति आय 2 लाख 60 हजार 201 रूपए रही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग द्वारा जारी बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार प्रदेश के 9 लाख 17 हजार 299 लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।



**चार स्तंभों पर विशेष फोकस**

**गरीब कल्याण** :मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए बजट में 5658 करोड़ का प्राविधान किया गया है। इसमें गरीबों के आवास के लिए 93 करोड़, खाद्यान्न आपूर्ति में 600 करोड़ और निशुल्क गैस रिफिल में 55 करोड़ की राशि शामिल है।

**युवा कल्याण** :मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा और उच्च शिक्षा में कुल 1679 करोड़ रुपए का प्राविधान किया गया है। इसमें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए 250 करोड़ भी शामिल है। मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी बालिका प्रोत्साहन योजना के लिए भी बजट में प्राविधान किया गया है। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने पर भी ध्यान दिया गया है।

**अन्नदाता:** मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान भाइयों के लिए बजट राशि को बढ़ाया गया है। वर्ष 2024–25 में कुल 2415 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। इसमें दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना, मिशन एप्पल, किसान पेंशन, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना पर विशेष ध्यान रखा गया है।

**नारीशक्ति** :मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में जेंडर बजट में लगभग 14,538 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। नंदा गौरा, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना, गंगा गाय महिला डेयरी विकास योजना आदि में प्रावधान किए गए हैं।

## विधानसभा सत्रः रिस्पना के आसपास दूसरे दिन भी हुई फजीहत

देहरादून। विधानसभा सत्र के चलते दूसरे दिन भी दोपहर बाद लोगों को फजीहत झेलनी पड़ी। धरना–प्रदर्शनों के चलते पुलिस ने रिस्पना के आसपास ट्रैफिक डायवर्ट किया। इससे रिंग रोड और फव्वारा चौक से छह नंबर पुलिया वाली सड़क पर वाहनों का दबाव बढ़ने से लोगों को जाम से जूझना पड़ा। राजीवनगर की गलियों में वाहन फंसे रहे। पैदल राहगीरों को भी परेशानी उठानी पड़ी। विधानसभा सत्र के चलते दोपहर तक ट्रैफिक सामान्य रहा। इसके बाद जैसे ही कर्मचारी संगठनों के कूच रिस्पना के पास पहुंचे तो पुलिस ने रिस्पना पुल के पास के बैरिकेडिंग को बंद कर ट्रैफिक डायवर्ट किया। यहां मोहकमपुर की तरफ जाने वाले ट्रैफिक को फव्वारा चौक से छह नंबर पुलिया से रिंग रोड पर डायवर्ट किया। जबकि मोहकमपुर से शहर की तरफ आने वाले ट्रैफिक को जोगीवाला से रिंग रोड पर डायवर्ट किया गया। इधर, आईएसबीटी की तरफ से जाने और वहां से आने वाले ट्रैफिक को माता मंदिर रोड पर डायवर्ट किया गया। इन सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ने से लंबा जाम लगा। करीब घंटे तक लोगों को जाम से जूझना पड़ा। राजीव नगर की गलियों में लोगों को जाम से जूझना पड़ा। रिस्पना की आसपास की कॉलोनियों के लोगों को पुलिस की बंदिशों के चलते परेशान होना पड़ा।

## सीजीएसटी अधीक्षक दस हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

देहरादून। रुद्रपुर स्थित केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) कार्यालय के अधीक्षक को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते सीबीआई ने ट्रैप किया है। आरोपी एक कारोबारी की पत्नी के नाम से दर्ज फर्म के बंद पड़े जीएसटी नंबर को एक्टिवेट करने के लिए 15 हजार रुपये मांग रहा था।

बाद में दस हजार रुपये लेने को राजी हुआ। गिरफ्तारी कर आरोपी को देहरादून लाकर स्पेशल सीबीआई कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। रुद्रपुर के कस्तुरी वाटिका, बिगवाड़ा निवासी मुकेश कुमार ने सीबीआई को शिकायत की। उनकी पत्नी सुचि सिग्नेचर इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन नाम की फर्म चलाती हैं।

यह फर्म जनता इंटर कॉलेज रोड रुद्रपुर पर स्थित है। सुचि की यह फर्म प्लास्टिक उत्पाद और प्लास्टिक वेस्ट का कारोबार करती है। इसकी निगरानी मुकेश कुमार करते हैं। इस फर्म का गत 24 जनवरी को जीएसटी नंबर कैंसिल हो गया। इसके बाद से वह कोई कारोबार नहीं कर पा रहे थे। ऐसे में उन्होंने रुद्रपुर स्थित सीजीएसटी के डिप्टी कमिश्नर ऑफिस में तैनात कार्यालय अधीक्षक योगेश अग्रवाल को प्रार्थनापत्र दिया। पहले तो मुकेश कुमार उन्हें टालने लगे।



बाद में कहा कि उनका जीएसटी नंबर एक्टिवेट हो जाएगा। इसके लिए 15 हजार रुपये रिश्वत देनी होगी। रिश्वत के साथ उन्होंने अन्य दस्तावेज भी मांगे। बात करने पर रिश्वत की रकम 10 हजार रुपये कर दी गई। दस्तावेज और रिश्वत की रकम लेकर योगेश अग्रवाल ने उन्हें सोमवार को ऑफिस में बुलाया था। मुकेश कुमार रिश्वत नहीं देना चाहते थे। ऐसे में उन्होंने सीबीआई के देहरादून कार्यालय को शिकायत कर दी। सीबीआई ने प्राथमिक जांच में शिकायत सही पाई और आरोपी की गिरफ्तारी को टीम रवाना कर दी। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक योगेश अग्रवाल को मुकेश कुमार से रिश्वत लेते टीम ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया गया।

## भारतीय सेना में शामिल हुआ 46–मीटर मॉड्यूलर ब्रिज

नई दिल्ली। भारतीय सेना में मॉड्यूलर ब्रिज को शामिल किया गया। मॉड्यूलर ब्रिज को शामिल किए जाने से सेना को किसी भी चुनौतीपूर्ण जगहों पर अपने टैंकों को तैनात करने में आसानी होगी। साथ ही सेना के इंजीनियरों की महत्वपूर्ण ब्रिजिंग क्षमता को बढ़ाएगा। नई दिल्ली स्थित मानेकशॉ सेंटर में आयोजित हुए कार्यक्रम भारतीय सेना ने मंगलवार को 46–मीटर मॉड्यूलर ब्रिज को शामिल करके अपनी ब्रिजिंग क्षमता को बढ़ाया है। इस मॉड्यूलर ब्रिज को डीआरडीओ ने लार्सन एंड टुब्रो के साथ मिलकर डिजाइन और विकसित किया है। इस कार्यक्रम में भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, सीडीएस जनरल अनिल चौहान, सेना, डीआरडीओ और रक्षा मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।



**अगले 4 सालों में कुल 41 सेट किए जाएंगे शामिल**

एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, अगले 4 सालों में कुल 41 सेट धीरे–धीरे शामिल किए जाएंगे, जिनकी कीमत 2,585 करोड़ रुपये होगी। पहला सेट आज यानी मंगलवार को सेना में शामिल किया गया।

**क्या है इस मॉड्यूलर ब्रिज की खासियत?**

मॉड्यूलर ब्रिज एक मैकेनिकल रूप से लॉन्च किया गया सिंगल–स्पैन, पूरी तरह से डेक वाला 46–मीटर का असॉल्ट ब्रिज है। यह ब्रिज सेना को नहरों और खाइयों जैसी बाधाओं को आसानी से पार करने में सक्षम बनाता है।

यह भारतीय सेना के इंजीनियरों की महत्वपूर्ण ब्रिजिंग क्षमता को बढ़ाएगा। ये पुल अत्यधिक मोबाइल, मजबूत हैं। यह त्वरित तैनाती और पुनर्प्राप्ति के लिए डिजाइन किए गए हैं, जो मशीनीकृत संचालन की तेज गति वाली प्रकृति के साथ संरेखित हैं।

**मॉड्यूलर ब्रिज का सेना में शामिल होना क्यों महत्वपूर्ण?**

सेना ने कहा कि मॉड्यूलर ब्रिज का शामिल होना भारत की उन्नत सैन्य उपकरणों को डिजाइन करने और विकसित करने में कौशल को भी उजागर करता है।

## उत्तराखंड पीसीएस मुख्य परीक्षा का रिजल्ट जारी, 1111 अभ्यर्थी हुए सफल

देहरादून। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से उत्तराखंड सम्मिलित राज्य (सिविल) प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2021 की मुख्य लिखित परीक्षा का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। पीसीएस 2021 की लिखित परीक्षा में आयोग की ओर से 1111 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थी ही साक्षात्कार परीक्षा में प्रतिभाग कर सकेंगे।

**मुख्य लिखित परीक्षा में सफल हुए 1111 अभ्यर्थी**

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि पीसीएस 2021 की मुख्य लिखित परीक्षा 23 से 26 फरवरी 2023 को आयोजित की गई थी। मुख्य लिखित परीक्षा में सफल घोषित 1111 अभ्यर्थियों के रोल नंबर आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दिए गए हैं। आयोग की ओर से सुमेचित पद सहित करीब 26 विभागों में रिक्त पदों पर यह परीक्षा आयोजित की गई थी।

**आयोग के वेबसाइट पर जारी होंगे परिणाम**

मुख्य लिखित परीक्षा में सफल घोषित अभ्यर्थी ही साक्षात्कार परीक्षा में भाग ले सकेंगे। सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि साक्षात्कार परीक्षा के लिए सफल घोषित अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन 18 मार्च से किया जाना प्रस्तावित किया गया है। अभ्यर्थियों के प्राप्तांक और कट ऑफ मार्क्स की सूची अंतिम चयन परिणाम के साथ आयोग की वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

## बागाजाला में भी बनभूलपुरा जैसे हालात, वन भूमि पर बने मकान पर चलेगा धामी का बुलडोजर



हल्द्वानी। गौलापार में इंटरनेशनल स्टेडियम के ठीक सामने बागजाला क्षेत्र में मंगलवार को अतिक्रमण के विरुद्ध होने वाली कार्रवाई को फिलहाल रोका गया है। अब मार्च के पहले सप्ताह में यहां बुलडोजर कार्रवाई होने की उम्मीद है। बनभूलपुरा में हालात तक तक पूरी तरह सामान्य भी हो जाएंगे। जिसके बाद पुलिस, प्रशासन और वन विभाग मिलकर यहां बड़ी कार्रवाई करेगा। बागजाला में 1978 में तीस साल के लिए वनभूमि को लीज पर दिया गया था। 2008 में इसकी अवधि समाप्त हो गई है। पुराने बांशिदों को तो वन विभाग कुछ नहीं कह रहा लेकिन आठ लोगों ने हाल–फिलहाल यहां निर्माण शुरू कर दिया। जिन्हें तोडने् के लिए वन विभाग ने पुलिस और प्रशासन से मदद मांगी थी।

**शांति व्यवस्था बरकरार रखने में जुटा फोर्स**

जिला प्रशासन ने कार्रवाई के दौरान एसडीएम हल्द्वानी को बतौर मजिस्ट्रेट तैनाती के लिए कहा था। वहीं, सोमवार को पुलिस ने वन विभाग को पत्र लिख कहा कि आठ फरवरी को बनभूलपुरा में हुए उपद्रव के कारण जिले के अधिकांश थाने का फोर्स यहां शांति व्यवस्था बरकरार रखने में जुटा है। साथ ही विधानसभा सत्र भी चल रहा है। लिहाजा, कार्रवाई की तारीख बदली जाए। ऐसे में संभावना है कि अब मार्च पहले सप्ताह में यहां बुलडोजर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### रुद्र महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहूति डाली

ऋषिकेश। सोमेश्वर महादेव मंदिर में एकादश कुण्डीय होमात्मक रुद्र महायज्ञ के दूसरे दिन हवन यज्ञ किया गया। हवन के दौरान रुद्र महायज्ञ के तहत ऋग्वेद का पाठ किया गया। मंगलवार को सोमेश्वर महादेव मंदिर में एकादश कुण्डीय होमात्मक रुद्र महायज्ञ के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति दी। विधि विधान और मंत्रोच्चारण के साथ महायज्ञ जारी रहा। मंदिर के महंत रामेश्वर गिरी महाराज ने कहा कि महाशिवरात्रि महोत्सव के तहत एकादश कुण्डीय होमात्मक रुद्र महायज्ञ किया जा रहा है। रूद्र महायज्ञ में ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, और शिव महापुराण का संपूर्ण पाठ किया जा रहा है। यह महायज्ञ सात मार्च तक चलेगा। इसके बाद 8 मार्च को शिवरात्रि, 9 मार्च को शिव बारात व भंडारा और 10 मार्च को श्री श्याम कीर्तन किया जाएगा।

### रोडवेज प्रबंधन को थमाया आंदोलन का नोटिस

देहरादून। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने रोडवेज प्रबंधन को आंदोलन का नोटिस थमाया है। चेताया कि यदि 28 फरवरी तक उनकी मांगें नहीं मानी जाती है तो 29 फरवरी से मंडलीय कार्यालय में धरना देंगे।

परिषद के क्षेत्रीय मंत्री राकेश पेटवाल ने नोटिस में बताया कि आठ फरवरी को दून मंडल में कोषाध्यक्ष और कनिष्ठ लिपिक के पदों पर प्रोन्नति को लेकर विभागीय चयन समिति हुई थी। उसी तिथि को इसका प्रस्ताव निगम मुख्यालय को भेजा गया था, लेकिन अभी तक प्रस्ताव पर अनुमोदन मंडल को नहीं मिल पाया है। जिससे कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। चेताया कि यदि कर्मचारियों को जल्द प्रोन्नति नहीं दी जाती है तो 29 फरवरी से आंदोलन शुरू किया जाएगा। उत्तराखंड रोडवेज इम्प्लाइज यूनियन के प्रदेश महामंत्री रविनंदन कुमार ने भी प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर परिचालक पद से कनिष्ठ लिपिक, सहायक कोषाध्यक्ष और कार्यालय सहायक द्वितीय के पद पर पदोन्नति की मांग की है।

## सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि को लगाई फटकार

नई दिल्ली ,योग गुरू बाबा रामदेव की पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन से जुड़े मामले को लेकर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने सुनवाई की।

सुनवाई के दौरान जस्टिस अमानुल्लाह भडक् गए और उन्होंने पतंजलि आयुर्वेद की तरफ से मामले की पैरवी कर रहे वकील से पूछ डाला कि कोर्ट के आदेश के बावजूद आपने भ्रामक विज्ञापन छपवाने की हिम्मत कैसे की? अब हम एक बहुत सख्त आदेश पारित करने जा रहे हैं.

हमें ऐसा इसलिए करना पड़ रहा है क्योंकि आप कोर्ट को उकसा रहे हैं. कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पूछा कि आप कैसे कह सकते हैं कि आप बीमारी को ठीक कर देंगे? हमारी चेतावनी के बावजूद आप कह रहे हैं कि हमारी चीज़ें रसायन आधारित दवाओं से बेहतर हैं?

एक मीडिया, जस्टिस अहसानुद्दीन ने





कहा,हमारे आदेश के बाद भी आपमें यह विज्ञापन लाने की हिम्मत की है। आप कोर्ट को लुभा रहे हैं क्या! जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने आगे कहा, मैं प्रिंटआउट और अनुलग्नक लेकर आया हूं। हम आज बहुत सख्त आदेश पारित करने जा रहे हैं। इस विज्ञापन को देखिए। आप कैसे कह सकते हैं कि आप सब ठीक कर देंगे? हमारी चेतावनी के बावजूद आप विज्ञापन जारी कर कह रहे हैं कि हमारी चीज़ें रसायन आधारित दवाओं से बेहतर हैं?

## आईजीआई एयरपोर्ट पर बम होने की झूठी निकली खबर, सुरक्षाकर्मियों के बीच मचा गया था हडकंप

नई दिल्ली , इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मंगलवार को बम होने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाकर्मियों के बीच हडकंप मच गया। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई हवाई अड्डा) उषा रंगनानी ने कहा कि सुबह 5.15 के बीच जब फ्लाइट दिल्ली से कोलकाता जाने वाली थी, तभी किसी ने फोन कर एयरपोर्ट परिसर में बम होने की सूचना दी।

वहीं, डीसीपी ने कहा कि इस सूचना के बाद जांच पड़ताल की गई। जांच में सामने आया कि यह कॉल फर्जी था। हालांकि, यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए और हर अप्रिय स्थिति से निपटने की रूपरेखा तय कर ली गई थी।

डीसीपी ने कहा, आईपीसी की धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है और जांच का सिलसिला तेज कर दिया गया है।

## सस्पेंस खत्म! जानिए कौन हैं स्पेस में जाने वाले भारतीय अंतरिक्ष यात्री

**● सामने आए चारों एस्ट्रोनॉट्स के नाम**

नई दिल्ली ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गगनयान मिशन को गति देने के लिए मंगलवार को केरल पहुंचे। जहां उन्होंने विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र से अंतरिक्ष में जाने के लिए चयनित अंतरिक्ष यात्रियों से मुलाकात की। अंतरिक्ष में जाने के लिए शुभांशु शुक्ला, अंगद प्रताप, प्रशांत नायर और अजित कृष्णन के नाम का ऐलान पीएम मोदी ने किया। इसके साथ ही पीएम मोदी ने विंग्स पहनाकर सभी का स्वागत किया। इस खास मौके पर पीएम मोदी ने सभी को बधाई दी। इन सभी अंतरिक्ष यात्रियों के घर पर इस खास मौके पर खुशी का माहौल है। वहीं, प्रशांत नायर के घर पर भी खुशी का माहौल है। प्रशांत मूल रूप से केरल के पलक्कड़ के नेनमारा



के रहने वाले हैं। अंतरिक्ष यात्री के रूप में उनका चयन किए जाने के बाद उनके घर में खुशी का माहौल है। सभी एक–दूसरे को बधाई दे रहे हैं। प्रशांत नायर एयरफोर्स में ग्रुप कैप्टन के तौर पर कार्यरत हैं। अगर बात प्रशांत के शैक्षणिक योग्यता की करें, तो उन्होंने नेशनल डिफेंस एकेडमी से ग्रेजुएशन किया है। उन्होंने अलबामा में यूएस एयर कमांड और स्टाफ कॉलेज से पहली रैंक के साथ स्नातक की डिग्री हासिल की है। इसके बाद वो 1999 में एयरफोर्स में कमीशन अधिकारी के रूप में शामिल हुए। वो सुखोई जैसे विमान भी चलाते हैं, जिसकी वजह से उनकी पहचान एक फाइटर पायलट के रूप में होती है। बता दें कि इसरो ने अपने इस मिशन के लिए 12 पायलटों का चयन किया है।

# सदन में महाराज के धाराप्रवाह जवाबों से विपक्ष की रणनीति फेल

**मंत्री महाराज के उत्तर से संतुष्ट विधायक महेश जीना ने किया आभार व्यक्त**

देहरादून। ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों के रिक्त 398 पदों में से उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा से चयनित 342 अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने की प्रक्रिया चल रही है। उत्तराखंड विधानसभा के प्रथम सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधायक महेश जीना द्वारा सदन में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम, मंत्री सतपाल महाराज ने सदन को बताया कि प्रदेश में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी बीडीओ के कुल 1175 पद सृजित हैं और उनमें से 398 पद रिक्त हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों की कमी के कारण ग्राम में विकास योजनाओं की गति में कोई फर्क नहीं पड़ा है क्योंकि ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजनाएं निर्मित कर ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड की जा रही है तथा सेवा के अधिकार अधिनियम के तहत अधिसूचित सभी सेवाएं व अन्य प्रमाण पत्र ग्रामीणों को समय पर सुलभ कराई जा रहे हैं। मंत्री महाराज के उत्तर से संतुष्ट होकर विधानसभा सदस्य महेश जीना द्वारा सदन में बाकायदा उनका आभार भी व्यक्त किया गया।

सदन में विधानसभा सदस्य गोपाल सिंह राणा के प्रश्न का बेबाकी से सटीक उत्तर देते हुए पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने अवगत कराया कि नानकमत्ता साहिब को मानसखण्ड मिशन द्वितीय चरण के तहत धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किये जाने हेतु चयनित किया गया है और गुरुद्वारे को सिख सर्किट में भी शामिल किया गया है। नानक सागर डैम को पर्यटन केंद्र के रूप





में विकसित की जाने के सवाल पर पर्यटन मंत्री महाराज ने सदन को बताया कि जिला योजना 2024–25 के अन्तर्गत नानक सागर डैम में जल क्रीड़ा गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाने के लिए 30 लाख की धनराशि प्रस्तावित की जा रही है। जनपद उधम सिंह नगर के नानक सागर डैम से उप तहसील नानकमत्ता एवं तहसील खटीमा की कुल कितनी भूमि सिंचित हो रही है विपक्ष के इस सवाल पर सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने सदन को बताया कि नानकमत्ता नहर प्रणाली से 2933 है0 सीसीए के सापेक्ष खरीफ में 1105 है0 एवं रबी में 1300 है0 कुल 2405 है0 क्षेत्र में सिंचाई सुविधा प्रदान की जा रही है। सदन के अंदर विपक्ष लगातार आक्रमक होकर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज पर अपने प्रश्नों की बौछार करता रहा लेकिन उन्होंने शालीनता के साथ विपक्ष के सभी सवालों के सटीक और विस्तृत उत्तर देकर चुप करवा दिया। विपक्षी सदस्य इंजीनियर रवि बहादुर के हरिद्वार जनपद के अंतर्गत ज्वालापुर में सुभाषगढ़ सिंचाई नहर के निर्माण से संबंधित सवालों का जवाब देते हुए सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज ने सदन जानकारी देते हुए बताया कि सुभाषगढ़ सिंचाई नहर के निर्माण की 695.98 लाख योजना की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के पश्चात केंद्र पोषित एआईबीपी मद के अंतर्गत योजना का निर्माण किया गया है। जनपद उधम सिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र जसपुर के अंतर्गत हाजीरों ग्राम में फीका नदी पर पुल न होने से स्थानीय जनता को हो रही कठिनाइयों को देखते हुए विधानसभा सदस्य आदेश चौहान ने जानना चाहा कि क्या सरकार इस नदी पर पुल का निर्माण करवाएगी। लोक निर्माण मंत्री महाराज ने सदन को बताया कि स्थानीय निवासियों एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पुल बनाने का अभी तक कोई मांग पत्र प्राप्त नहीं हुआ है यदि इस तरह का कोई पत्र प्राप्त होता हैतो वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा।

लोक निर्माण मंत्री ने सदन को यह भी अवगत कराया की जनपद उधमसिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र जसपुर में भारी बरसात से सड़कों को काफी क्षति हुई थी जिनके मरम्मत भी कर दी गई है, इसके अलावा सरकार जनहित में सड़कों का पुनर्निर्माण भी कर रही है।

## सम्पादकीय

# हर वर्ग के हित का बजट

उत्तराखंड सरकार ने अपना बजट पेश करते हुए सभी वर्गों को लुभाने की कोशिश की है। खास तौर से महिला सशक्तिकरण एवं गरीबों के उत्थान के लिए बजट में खास प्रावधान रखा गया है। सरकार की ओर से 89000 करोड़ से ज्यादा का बजट पेश किया गया है जिसमें गरीब तबके के अतिरिक्त किसान, युवा वर्ग एवं छात्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है। बजट में जहां एक तरफ सूचना प्रौद्योगिकी के साथ आधुनिक तकनीक को अपने पर जोर दिया गया है तो वही परंपरागत उद्योगों को भी आगे बढ़ाने की अवधारणा लेकर बजट में बिंदु जोड़े गए हैं। सरकार की ओर से "उन्नत और सुशासित उत्तराखंड" की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया गया है। बजट के मुख्य बिंदुओं में राज्य के सभी जिलों को हवाई संपर्क से जोड़ना, देश के असुरक्षित फूलों का सुधारीकरण और उत्तराखंड में वर्षों से चली आ रही नदियों के ऊपर ट्रालियों से मुक्ति दिलाने को सरकार के संकल्प नजर आता है। विषम भौगोलिक एवं पहाड़ी स्थितियां होने के कारण उत्तराखंड में आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती है जिसके लिए सरकार दुर्घटनाएं रोकने की दिशा में ऐसे क्षेत्र जहां अधिकांश दुर्घटनाएं प्रकाश में आई है वह क्रैश बैरियर बनेंगे। शिक्षा में सुधार के लिए जहां एक तरफ सरकारी भवनों को सोलर एनर्जी सिस्टम से जोड़ा जाएगा वहीं सरकारी स्कूलों में बच्चों को फर्नीचर तथा कक्षा एक से आठ तक के छात्रों को मुफ्त में जूता व बैग मिलेगा। शासकीय कार्यों में गुणवत्ता एवं उन्हें सुविधाजनक बनाने के लिए सभी कार्यालयों में चरणबद्ध ई–ऑफिस, भू अभिलेख व अन्य सरकारी अभिलेखों का डिजिटाइजेशन, बायो फैंसिंग, स्वरोज केंद्रों की स्थापना, सभी ग्राम पंचायतों में भवन, सभी में पार्किंग बनाने को सरकार ने वर्तमान बजट में प्राथमिकता दी है। बजट की अन्य बातों में युवा कल्याण खेलकूद का बजट 233 करोड़ से बढ़ाकर 534 करोड़ कर दिया है। तकनीकी शिक्षा और उच्च शिक्षा का बजट भी बढ़ाया गया है। 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए 250 करोड़ का प्रावधान किया गया है। सरकार ने खेती–किसानी का बजट 2175 करोड़ से बढ़ाकर 2415 करोड़ कर दिया है। 14538.05 करोड़ का जेंडर बजट घोषित किया गया है, जबकि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हवाई कनेक्टिविटी एवम नए "पर्यटन डेस्टिनेशन" विकसित करने पर जोर दिया है। आमजन के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार पर जोर दिया गया है जिसके लिए धामी सरकार ने अपने वर्तमान बजट को 14794 करोड़ से बढ़ाकर 15376 करोड़ कर दिया जो आम व्यक्ति के लिए सरकार के संकल्प को प्रदर्शित करता है। स्वास्थ्य की दृष्टि से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में 1010 करोड़ का प्रावधान, अटल आयुष्मान में 500 करोड़ का प्रावधान किया, जिससे लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। बजट की खास बात यह है की प्रदेश के लोगों को किसी अतिरिक्त टैक्स का बोझ नहीं उठाना होगा विपरीत इसके जन सुविधाओं से जुड़े बिंदुओं में सरकार ने बजट की राशि में बढ़ोतरी की है।

# चण्डीगढ़ प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट की सुप्रीम चाबुक

**अजय दीक्षित**

**पहले जनवरी 2024 में कोई तिथि चुनाव के लिए निर्धारित हुई । उस दिन रिटर्निंग ऑफिसर ने बीमारी का बहाना बनाकर चुनाव को टलवा दिया । कोई नई तारीख निर्धारित नहीं हुई । फिर आप पार्टी पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट गई और उसकी पहल से 16 जनवरी की तारीख तय हुई । रिटर्निंग ऑफिसर एक ऐसे व्यक्ति को बनाया गया जो भाजपा के माइनॉरिटी सेल का पदाधिकारी था । इससे भाजपा, आप और कांग्रेस को सचेत हो जाना चाहिए था । चण्डीगढ़ प्रशासन में किसी आई.ए.एस. अधिकारी को रिटर्निंग ऑफिसर बनाना चाहिए था । जिस भाजपा के कार्यकर्ता को रिटर्निंग ऑफिसर बनाया वह चुनाव के दिन डेढ़ घण्टे देर से पहुंचा । फिर हंगामे के बीच चुनाव हुआ । और रिटर्निंग ऑफिसर ने आपके पक्ष के आठ वोट निरस्त करते हुए भाजपा उम्मीदवार को जीता हुआ घोषित कर दिया । भाजपा की इस जीत पर भाजपा के दिल्ली में बैठ बड़े–बड़े लोगों से जश्न मनाया । गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा के मेयर को बधाई दी । भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने इसके लिए मोदी जी को धन्यवाद किया ।**

चण्डीगढ़ केन्द्र शासित प्रदेश है । क्योंकि यह बहुत छोटा सा एक नगर का क्षेत्र है, यहां अन्य केन्द्र शासित प्रदेशों की भांति लेफ्टिनेंट गवर्नर न होकर एक प्रशासक है । पंजाब के गवर्नर को ही चण्डीगढ़ का प्रशासक नियुक्त किया गया है । चण्डीगढ़ में एक नगर निगम है, इसके अध्यक्ष के लिए चुनाव में इस बार कांग्रेस और अन्य पार्टी ने समझौता किया । अन्यथा भाजपा के वोट इन दो पार्टियों के अलग–अलग कम थे और चुनावी स्थिति में भाजपा का प्रत्याशी ही मेयर और सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के तीनों पदों पर जीत जाता । कांग्रेस और आप का प्रत्याशी और डिप्टी मेयर और सीनियर डिप्टी मेयर के लिए कांग्रेस के प्रत्याशी खड़े होंगे । चण्डीगढ़ कॉरपोरेशन के चुनाव की जिम्मेदारी चण्डीगढ़ प्रशासन की है । पहले जनवरी 2024 में कोई तिथि चुनाव के लिए निर्धारित हुई । उस दिन रिटर्निंग ऑफिसर ने बीमारी का बहाना बनाकर चुनाव को टलवा दिया । कोई नई तारीख निर्धारित नहीं हुई । फिर आप पार्टी पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट गई और उसकी पहल से 16 जनवरी की तारीख तय हुई । रिटर्निंग ऑफिसर एक ऐसे व्यक्ति को बनाया गया जो भाजपा के माइनॉरिटी सेल का पदाधिकारी था । इससे भाजपा, आप और कांग्रेस को सचेत हो जाना चाहिए था । चण्डीगढ़ प्रशासन में किसी आई.ए.एस. अधिकारी को रिटर्निंग ऑफिसर बनाना चाहिए था । जिस भाजपा के कार्यकर्ता को रिटर्निंग ऑफिसर बनाया वह चुनाव के दिन डेढ़ घण्टे देर से पहुंचा । फिर हंगामे के बीच चुनाव हुआ । और रिटर्निंग ऑफिसर ने आपके पक्ष के आठ वोट निरस्त करते हुए भाजपा उम्मीदवार को जीता हुआ घोषित कर दिया । भाजपा की इस जीत पर भाजपा के दिल्ली में बैठ बड़े–बड़े लोगों से जश्न मनाया । गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा के मेयर को बधाई दी । भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने इसके लिए मोदी जी को धन्यवाद किया । आप के हारे प्रत्याशी ने अन्ततः सुप्रीम कोर्ट की शरण ली । वहां 16 फरवरी और 20 फरवरी को सुनवाई हुई । सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और दो अन्य न्यायाधीशों ने स्वयं मत पत्रों की जांच की और आप का प्रत्याशी को विजयी घोषित कर दिया और रिटर्निंग ऑफिसर पर सख्त टिप्पणी की । कोर्ट में झूठ बोलने पर उसके खिलाफ पार्जरी का मुकदमा भी चलेगा । अब इस केस की मुख्य बातें समझ लें । रिटर्निंग ऑफिसर के लिए वकील चंडीगढ़ प्रशासन ने नहीं किया । उसने कोई निजी वकील भी नहीं किया । उसके लिए भारत के सॉलिसिटर जनरल ने पैरवी की । अब यह तो केन्द्रीय गृह मंत्रालय की मंजूरी के बिना नहीं हो सकता । भाजपा अध्यक्ष नड्डा जी ने भाजपा के प्रत्याशी की जीत पर प्रधानमंत्री मोदी जी को बधाई दी थी । स्वयं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा के मेयर को बधाई दी थी । क्यों कि कुछ चुनावी प्रक्रिया कमरे में कैद थी, इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने तथाकथित आठ इनवेलिड वोटों को वैध माना । सुप्रीम कोर्ट में कहा गया कि फिर से चुनाव कराए जाएं । सुप्रीम कोर्ट में जब कहा गया कि हॉर्स ट्रेडिंग शुरू हो गई है तो प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हम भी अखबार पढ़ते हैं । असल में क्योंकि इण्डिया का दो पार्टियों द्वारा मिलकर यह एक संयुक्त प्रयास था, इसी से लगता है कि भाजपा इस प्रयास को असफल करना चाहती थी । भाजपा के प्रवक्ताओं का कहना था कि चुनाव याचिका चुनाव आयोग या सम्बन्धित हाईकोर्ट में चलती है । जहां फैसला आते–आते पांच साल लग जाते हैं और कार्यकाल समाप्त हो जाता है । सुप्रीम कोर्ट ने अपने कीमती दो दिन इस प्रकरण को देकर स्वयं फैसला देकर आप का प्रत्याशी को मेयर घोषित कर दिया । इससे पहले वह केन्द्र सरकार को चुनावी बॉड को लेकर भी घिर चुकी है । अब अंतिम बात सुन लें । संभव में कलि अवतार के लिए मंदिर का शिलान्यास करते हुए मोदी जी ने कहा कि सुदामा ने कृष्ण को कुछ भी भेंट नहीं किया । आज यदि सुदामा ने कृष्ण को कुछ भेंट किया होता तो कोई वीडियो बना लेता और फिर उच्चतम कोर्ट इसे रिश्वत की संख्या घोषित कर देती । आप स्वयं समझ लें कि यह टिप्पणी किस प्रसंग को ध्यान में रखकर कही गई होगी ।



# विपक्ष के गढ़ में क्या खिलेगा कमल?

**हरिशंकर व्यास**

यह भी अहम सवाल है कि क्या भाजपा किसी ऐसे राज्य में चुनाव जीत पाएगी, जहां इससे पहले वह कभी नहीं जीती है? क्या वह आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल में खाता खोल पाएगी? ध्यान रहे दक्षिण भारत के पांच बड़े राज्यों में कर्नाटक में उसका वर्चस्व रहा है और तेलंगाना में उसने तेजी से अपना आधार बनाया है। फिर भी इन दोनों राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद भाजपा के लिए स्थितियां पहले जैसी अनुकूल नहीं रह गई हैं। तेलंगाना में पिछली बार भाजपा ने चार सीटें जीती थीं और कांग्रेस को तीन सीट मिली थी। एक सीट ओवैसी पार्टी ने जीती थी। बाकी नौ सीटें केसीआर की पार्टी को मिली थी। विधानसभा चुनाव हारने के बाद केसीआर की जगह कांग्रेस आ गई है। यह देखना दिलचस्प होगा कि वह भाजपा को रोक पाती है या नहीं। आंध्र प्रदेश में भाजपा अकेले चुनाव लड़ी थी और उसे एक फीसदी से भी कम वोट मिले थे। लेकिन इस बार वह पवन कल्याण की जन सेना पार्टी और चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी से तालमेल की संभावना तलाश रही है। वैसे मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के साथ भी भाजपा के दोस्ताना संबंध हैं। माना जा रहा है कि किसी न किसी गठबंधन में जाकर वह खाता खोलने का प्रयास करेगी। इससे ज्यादा कोई संभावना उसके लिए नहीं है। यही हाल तमिलनाडु और केरल में भी है।

# लुकाशेंको: मृत्युपर्यंत सत्ता

**श्रुति व्यास**

रूस की कठपुतली बेलारूस में संसदीय चुनाव हो रहे हैं। इस देश में राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको का30 सालों से एकछत्र राज हैं। उन्होंने यह सुनिश्चित कर लिया है कि मौत के अलावा और कुछ भी उन्हें सत्ता बाहर नहीं कर सकता।

इतवार को वहां चुनाव हुए लेकिन लुकाशेंको की छाया में बेलारूसी लोगों को वोट डालने में शायद ही संतोष का अनुभव हुआ हो। वहां मताधिकार, अधिकार नहीं बल्कि एक उबाऊ कर्त्तव्य है। बेलारूसी टीवी ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि ह्यह्ययदि किसी को चुनाव उबाऊ लगते हों तो वह सर्कस, थियेटर और संगीत की महफिलों में जा सकता है"। सन 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में लुकाशेंको को चुनौती देने वाली बेलारूस की विपक्षी नेता स्वेतलाना तिश्कानोस्काया ने मतदाताओं से चुनाव का बहिष्कार करने का आव्हान किया था। पर उनकी किसी ने नहीं सुनी। इस बार, राष्ट्रपति ने एक कदम और आगे बढ़ कर, मतदान के न्यूनतम प्रतिशत का नियम भी खत्म कर दिया। विदेश से मतदान करने पर पाबंदी लगा दी गई। लुकाशेंको ने यह सुनिश्चित कर लिया है कि कोई बाधा उनका रास्ता न रोक सके, खासतौर पर 2020 की शर्मिंदगी के बाद। उस समय उनकी सत्ता छिनने का खतरा पैदा हो गया था और वे राजनैतिक दृष्टि से लगभग खत्म हो गए थे। सख्त शासन और चुनावों में धांधली करने के उनके एकाधिकार के बावजूद 2020 में देशवासी उनकी तानाशाही खत्म करने कीठाने हुए थे। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने स्वेतलाना तिश्कानोस्काया, जो एक पूर्व शिक्षिका हैं, और अपने ब्लागर पति की गिरफ्तारी के बाद उनके स्थान पर उम्मीदवार बनीं थीं, के प्रति लोगों ने जबरदस्त समर्थन जतलाया। बेलारूस के बाहर बहुत से लोगों का मानना है कि उस चुनाव में असल में स्वेतलाना की जीत हुई थी। लेकिन हकीकत को हर व्यक्ति मंजूर करे यह जरूरी तो नहीं। और लुकाशेंको के लिए तो यह बिल्कुल भी ज़रूरी नहीं है। उन्होंने सडक़ों और घरों से लोगों को उठवा लिया। उनके डर के चलते लोग बेलारूस छोडक़र भागने को मजबूर हुए। इनमें स्वेतलाना भी थीं। व तब से ही पड़ोसी लिथुआनिया में निर्वासित जीवन जी रही हैं। बेलारूस में अलेक्जेंडर लुकाशेंको की तूती बोलती है। यह उनका गढ़ है ह्यलुको लेंड है। लेकिन 2020 के बाद से उनकी मनमर्जी पर डर और असुरक्षा का भाव हावी है। इस समय करीब 1,4000 लोग सियासी आरोपों में जेल में हैं। स्वेतलाना के पति और लोकतंत्र–समर्थक मारिया कोलेसेनिकोवा का बाहरी दुनिया से संपर्क कटा हुआ है।

पिछले महीने 300 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया।सिविल सोसायटी पूरी तरह खत्म कर दी गई है। मीडिया खत्म सा है। किसी भी तरह की असहमति या विरोध बर्दाश्त नहीं।2020 से अब तक करीब एक–चौथाई वकीलों के लाईसेंस रद्द हुए हैं। लुकाशेंको के समर्थक चार राजनैतिक दलों के अलावा सभी दलों पर या तो प्रतिबंध लगा दिया गया है या उन्हें भंग कर दिया गया है। उन्होंने ऐसे कानून भी पारित करवा लिए हैं जिनके अनुसार सरकार को निर्वासित जीवन बिता रहे बेलारूसियों की नागरिकता छीनने और उनके पासपोर्टों के नवीनीकरण पर रोक लगाने का अधिकार है।

जाहिर है कि ऐसे लोग किसी भी देश के नागरिक नहीं रह जाएंगे। पिछले महीने उन्होंने एक नए कानून पर हस्ताक्षर किए जिसके जरिए उन्हें आजीवन कानूनी सुरक्षा मिल गई है। यदि वे कभी सत्ता त्यागने का फैसला करें तो भी उनके खिलाफ कोई मुक़दमा नहीं चलाया जा सकेगा। लुकाशेंको के सरंक्षक, मित्र पुतिन है, जो उनकी तानाशाही का समर्थन और उनकी सराहना करती है। एक समय था जब ये दोनों एक दूसरे का चेहरा देखना पसंद नहीं करते थे। दोनों सोवियत संघ के दुबारा एकीकरण के पक्षधर थे और सोवियत संघ के बिखरने से दुःखी थे।

लुकाशेंको, बेलारूस के तब एकमात्र सांसद थे जिन्होने सन् 1991 में सोवियत संघ के विघटन के खिलाफ मतदान किया था। मगर सन् 2014 में रूस द्वारा क्रीमिया पर कब्जा करने को लुकाशेंको ने ह्यबुरी नज़ीरह्य बताया झ जिसे पुतिन ने पसंद नहीं किया। बहरहाल2020में जब लुकाशेंको की सत्ता डगमगाई तो पुतिन ने विरोध प्रदर्शनों से निपटने के लिए उन्हें डेढ़ अरब डालर दिए। रूस से कम ब्याज दर पर मिले कर्ज़ और उर्जा से बेलारूस की अर्थव्यवस्था बनी रही। कई सालों तक लगातार आई गिरावट के बाद 2023 के शुरूआती नौ महीनों में बेलारूस की जीडीपी में 3.5 प्रतिशत का इजाफा हुआ। दोनों देश अपनी–अपनी ह्यअतिवादियोंह्न की एक सम्मिलित सूची बना रहे हैं और अपनी–अपनी आर्थिक और सैन्य रणनीतियों को एकीकृत कर रहे हैं। सन् 2022 में लुकाशेंको ने रूस को बेलारूस के रास्ते यूक्रेन पर हमला करने की इजाजत दी थी। बेलारूस के विपक्षी नेताओं ने इस आशय के सुबूत इकठ्ठा किए हैं कि रूस के कब्जे वाले यूक्रेन के शहरों से करीब 2,100 बच्चों को जबरदस्ती बेलारूस भेजा गया था।

# कृति सैनन, तब्बू और करीना कपूर की तिकड़ी मचाएगी धमाल




अभिनेत्री कृति सैनन, तब्बू और करीना कपूर की तकड़ी अपनी फिल्म क्रू के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म अपनी घोषणा के बाद से ही चर्चा में बनी हुई थी तो हाल ही में जारी हुई तीनों अभिनेत्रियों की पहली झलक ने प्रशंसकों को उत्सुक कर दिया था। इसी सबके बीच अब क्रू का कॉमेडी से भरपूर टीजर भी जारी हो गया है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है।

फिल्म के निर्माताओं की ओर से क्रू का टीजर जारी किया गया है, जिसमें तीनों अभिनेत्रियों कमाल की लग रही हैं।इसके साथ ही लिखा है, कुर्सी की पेटी बांध लीजिए, क्योंकि यहां का तापमान आपके लिए बहुत गर्म होने वाला है।फिल्म का निर्देशन राजेश ए कृष्णन कर रहे हैं तो एकता कपूर, शोभा कपूर, रिया कपूर और अनिल कपूर इसके निर्माता हैं। इस फिल्म के लिए बालाजी टेलीफिल्म्स और अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशंस नेटवर्क साथ आए हैं।

टीजर काफी दिलचस्प लग रहा है, जिसमें तीनों अभिनेत्रियों अपनी एयर होस्टेस की नौकरी से परेशान नजर आ रही हैं और कुछ अलग करना चाहती हैं। ऐसे न होने पर तीनों मिलकर चोरी करने की योजना बनाती हैं और फ्लाइट पर अतरंगी हरकतें करने लगती हैं, जिसे देखना मजेदार है।बैकग्राउंड में बजता चोली के पीछे गाने का रीमिक्स शानदार लगता है। इसमें दिलजीत दोसांझ भी नजर आते हैं। इसके अलावा फिल्म में कपिल शर्मा मेहमान की भूमिका में दिखेंगे।कृति, तब्बू और करीना की तिकड़ी पहली बार इस फिल्म के साथ आई है और यह गुड फ्राइडे के मौके पर 29 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।इससे पहले यह फिल्म 22 मार्च को रिलीज होने वाली थी, लेकिन फिर इसकी रिलीज तारीख को आगे बढ़ा दिया गया। मालूम हो कि रिया और एकता इससे पहले फिल्म थैंक्यू फॉर कमिंग और वीरे दी वेडिंग लेकर आई थीं। ये दोनों ही फिल्में महिलाओं पर आधारित थीं।कृति की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया इन दिनों सिनेमाघरों में लगी हुई है, वहीं वह काजोल के साथ फिल्म दो पत्ती में दिखेंगी। यह कृति के होम प्रोडक्शन ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स की पहली फिल्म होगी।करीना सिंघम अगेन में नजर आएंगी, जो 15 अगस्त को रिलीज होगी। साथ ही वह सैफ अली खान के साथ एक फिल्म करने की तैयारी में हैं।उधर, तब्बू फिल्म औरों में कहां दम था में अजय देवगन के साथ दिखेंगी।

## ममूटी की फिल्म ब्रमायुगम ने वैश्विक स्तर पर 50 करोड़ का आंकड़ा किया पार

ममूटी जो अनूठे विषयों के साथ विभिन्न शैलियों की कोशिश कर रहे हैं, उन्होंने एक बार फिर अपनी नवीनतम हॉरर थ्रिलर ब्रमायुगम के साथ प्रस्तुति दी है। यह फिल्म 15 फरवरी को रिलीज हुई थी, जिसने दर्शकों को अपने रोमांचकारी कथानक से मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म ने 10वें दिन वैश्विक स्तर पर 50 करोड़ रुपये के क्लब में प्रवेश किया। आलोचकों और दर्शकों से आलोचनात्मक प्रशंसा प्राप्त करते हुए, राहुल सदासिवन का निर्देशन डरावनी शैली में एक सफल और रोमांचक योगदान साबित हुआ है।

ब्रमायुगम को मलयालम फिल्म उद्योग के सबसे अनोखे सिनेमाई अनुभवों में से एक माना गया है। भूतकालम फेम निर्देशक राहुल सदासिवन द्वारा निर्देशित यह परियोजना अब 2024 में मलयालम सिनेमा की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक बनकर उभरी है। हाल ही में, ब्रमायुगम के निर्माताओं ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर पुष्टि की कि ममूटी स्टारर ने फिल्म में प्रवेश कर लिया है। रु. मलयालम सिनेमा का 50 करोड़ क्लब. श्वेत–श्याम फिल्म एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव का वादा करती है, जिसमें मुख्य भूमिका में ममूटी हैं, जिन्हें अर्जुन अशोकन, सिद्धार्थ भारतन और अमाल्डा लिज़ का समर्थन प्राप्त है। यह 15 फरवरी, 2024 को मलयालम में और 23 फरवरी को तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज हुई।

# अब टेस्ट क्रिकेट को नजरअंदाज नहीं करेंगे भारतीय क्रिकेटर्स!




नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) रेड–बॉल क्रिकेट के बजाय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी भागीदारी को प्राथमिकता देने के लिए खिलाडिय़ों के बढ़ते रुझान के बाद टेस्ट मैच फीस में बढ़ोतरी पर विचार कर रहा है। बीसीसीआई इंडियन क्रिकेट प्लेयर्स के टेस्ट मैच की फीस में बढ़ोतरी करने पर विचार कर रहा है। इशान किशन की घरेलू क्रिकेट से लंबे समय तक अनुपस्थिति के बारे में सवाल उठने के बाद बोर्ड ने संभवतः मैच फीस में बढ़ोतरी का फैसला किया है।

विकेटकीपर–बल्लेबाज ने घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए टीम प्रबंधन के आह्वान को नजरअंदाज कर दिया, और इसके बजाय उन्हें अगले महीने से शुरू होने वाले आईपीएल के लिए बड़ौदा में वर्कआउट और अभ्यास करते देखा गया।

रिपोर्ट में एक सूत्र का हवाला देते हुए कहा गया है कि बीसीसीआई अतिरिक्त बोनस निर्धारित करने की प्रक्रिया में है, जो एक खिलाड़ी को पूरे सत्र में प्रत्येक टेस्ट श्रृंखला में प्रतिस्पर्धा करने पर दिया जाएगा। एक सूत्र ने कहा, उदाहरण के लिए, यदि कोई एक कैलेंडर वर्ष में सभी टेस्ट सीरीज़ खेलता है, तो उसे वार्षिक रिटेनर अनुबंध के अलावा अतिरिक्त रूप से पुरस्कृत किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करना है कि अधिक खिलाड़ी रेड–बॉल क्रिकेट के लिए आएं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर नए फीस मॉडल को मंजूरी मिल जाती है, तो इसे इस आईपीएल सीजन के समापन के बाद लागू किया जाएगा। इससे पहले, बीसीसीआई सचिव जय शाह ने केंद्र–अनुबंधित और भारत ए क्रिकेटरों को घरेलू क्रिकेट में भाग न लेने पर चेतावनी दी थी, जिसमें कहा गया था कि घरेलू क्रिकेट पर आईपीएल को प्राथमिकता देने के उनके कदम के गंभीर प्रभाव होंगे।

कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया है कि ग्रेड सी अनुबंध वाले इशान को रणजी ट्रॉफी से अनुपस्थित रहने के कारण बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर किए जाने की संभावना है।

## कीवी तेज गेंदबाज नील वैगनर ने किया संन्यास का ऐलान




वेलिंगटन, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरु होने जा रही टेस्ट सीरीज से पहले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नील वैगनर ने संन्यास का ऐलान कर दिया है।

नील वैगनर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड की दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले ये ऐलान किया है। 37 वर्षीय खिलाड़ी सेलो बेसिन रिजर्व में पहले टेस्ट के लिए शुरुआती प्लेइंग–11 में नहीं होंगे और क्राइस्टचर्च में दूसरे टेस्ट से पहले उन्हें टीम से बाहर कर दिया जाएगा।वैंगर 27 की औसत से 260 विकेट के साथ न्यूजीलैंड के शीर्ष टेस्ट विकेट लेने वालों की सूची में पांचवें स्थान पर अपना करियर समाप्त करेंगे। वैगनर ने अपने 64 टेस्ट में से 32 जीते, और 22 की औसत से 143 विकेट लिए।बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने 2012 में ब्लैककैप्स के लिए डेब्यू किया और आईसीसी टेस्ट विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचने और 2021 में उद्घाटन आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में जीत के दौरान टीम के प्रमुख सदस्य थे।वैगनर ने कहा कि संन्यास लेने का फैसला आसान नहीं था, लेकिन यह स्पष्ट था कि आगे बढ़ने का यह सही समय है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने वैगनर के हवाले से कहा, यह एक भावनात्मक सप्ताह रहा है। किसी ऐसी चीज से दूर जाना आसान नहीं है, जिसे आपने इतना कुछ दिया है और जिससे आपको बहुत कुछ मिला है, लेकिन अब दूसरों के लिए आगे आने और इस टीम को आगे ले जाने का समय आ गया है। मैंने ब्लैककैप्स के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने के हर एक पल का आनंद लिया है और एक टीम के रूप में हम जो कुछ भी हासिल कर पाए हैं उस पर मुझे गर्व है।

## शैफाली की फॉर्म में वापसी, दिल्ली कैपिटल्स ने यूपी वॉरियर्स को 9 विकेट से हराया

बेंगलुरु यहां के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में स्पिनर राधा यादव ने 4–20 और मारिजैन कैप ने 3–5 विकेट लिए, जबकि कप्तान मेग लैनिंग और शैफाली वर्मा ने अर्धशतक जमाए, जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने 33 गेंद बाकी रहते यूपी वॉरियर्स को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने ग्रेस हैरिस (17), किरण नवगिरे (10), श्वेता सेहरावत (45) और सोफी एक्लेस्टोन (6) के विकेट 4–20 के स्कोर पर लिए, जिसके बाद दिल्ली कैपिटल्स ने यूपी वॉरियर्स के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया। पहले पांच ओवर के भीतर वृंदा दिनेश (0), ताहलिया मैक्ग्रा (1) और कप्तान एलिसा हीली (13) के विकेट गिर गए। यूपी वारियर्स शुरुआती झटकों से उबरने में नाकाम रही और श्वेता सेहरावत (5&4, 1&6) की लगभग 45 रनों की पारी के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स के टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला करने के बाद 20 ओवरों में 119/9 रन ही बना सकी। 120 रनों के सामान्य लक्ष्य का पीछा करते हुए लैनिंग ने 43 गेंदों में 51 रन बनाए, जबकि सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा ने हाल के झटकों से उबरते हुए 43 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 64 रनों की पारी खेली और पहले विकेट की साझेदारी के लिए 119 रन बनाए,

# बॉक्स ऑफिस पर आर्टिकल 370 की कमाई में वीकेंड पर आया उछाल, क्रैक का हुआ बुरा हाल

सिनेमाघरों में इस हफ्ते 2 फिल्मों के बीच भिड़ंत देखने को मिली। एक ओर यामी गौतम अपनी फिल्म आर्टिकल 370 लेकर आईं तो विद्युत जामवाल की एक्शन से भरपूर स्पोर्ट्स ड्रामा क्रैक रिलीज हुई।पहले दिन विद्युत की फिल्म को मात देने के बाद यामी की आर्टिकल 370 अब दूसरे दिन भी अपनी पकड़ बनाए हुए हैं और इसकी कमाई में उछाल देखने को मिला है।आइए जानते हैं कि शनिवार को किस फिल्म ने कितनी कमाई की है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आदित्य सुहास जंभाले के निर्देशन में बनी फिल्म आर्टिकल 370 जम्मू–कश्मीर से हटाई गई धारा 370 की कहानी दिखाई गई है।फिल्म ने पहले दिन 5.9 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपना खाता खोला था तो अब



दूसरे दिन इसकी कमाई में बढ़त देखने को मिली है। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, फिल्म ने शनिवार को 7.5 करोड़ रुपये कमाए हैं और अब इसकी कुल कमाई 13.4 करोड़ रुपये हो गई है। यामी की आर्टिकल 370 ने इस साल की सबसे ज्यादा ओपनिंग करने वाली फिल्मों में भी तीसरे स्थान पाया है।इससे पहले 2024 की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्मों में ऋतिक रोशन की फिल्म फाइटर (24 करोड़ रुपये) और शाहिद कपूर की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया (6.5 करोड़ रुपये) शामिल हैं।इसके अलावा आर्टिकल 370 ने 3.55 करोड़ के साथ पहले दिन शुरुआत करने वाली फिल्म द कश्मीर फाइल्स को भी पीछे छोड़ दिया है। विद्युत, अर्जुन रामपाल, एमी जैक्सन और नोरा फतेही जैसे सितारों से सजी फिल्म क्रैक में जबरदस्त एक्शन देखने को मिला है।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन, झूमें दर्शक

## दुगड्डा में आयोजित किए जा रहे शहीद मेले का दूसरा दिन


दुगड्डा शहीद मेले में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : शहीद मेले में कलाकारों की प्रस्तुतियां ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर शाम तक दर्शक लोक गायकों के मधुर गीतों पर झूमते हुए नजर आए। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

दुगड्डा में आयोजित मेले के दूसरे दिन का शुभारंभ मुख्य अतिथि तीरथ सिंह रावत ने किया। सांसद ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक कहे जाने वाले शहीद चंद्रशेखर आजाद वो हैं, जिन्हें सुनकर हर भारतीय को गर्व होता है। उन्होंने स्वतंत्रता के लिए स्वयं को न्यौछावर कर दिया था। आज युवाओं को महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। इसके उपरांत संदेश कला सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लोकगायक संजय सिंह रावत ने 'बामक महाबगढ़ बल तेरी चौदिशों जय ह्वे ...', 'पौस्तु का छूमा मेरी भग्यानी बो..', 'मैं तो नहीं जाऊंगा नेपाल...', 'ब्वाडा ब्या ब्या ब्या...' की प्रस्तुति दी। लोकगायिका संजना गुसाईं ने 'मुल मुल केकु हैसनी छै तू..' सहित अन्य गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने झांकियों के साथ ही नृत्य की भी प्रस्तुति दी। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी गोवर्धन जोशी, संजीव कपूर, प्रदीप बडोला, दीपक ध्यानी, गिरीश गौड़ आदि मौजूद रहे।

### पल्स पोलियो अभियान तीन से



जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय बेस चिकित्सालय प्रशासन के माध्यम से तीन से लेकर नौ मार्च तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा।प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा. विजयेश भारद्वाज ने बताया कि टीकाकरण के सफल संपादन के लिए 28 फरवरी को उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की जाएगी। दो मार्च को बूथ कर्मियों को प्रशिक्षण व रिक्शा के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। तीन मार्च को बूथ टीकाकरण कार्यक्रम किया जाएगा। चार मार्च से नौ मार्च तक कर्मियों के माध्यम से घर-घर भ्रमण कर पांच वर्ष आयु के बच्चों को पल्स पोलियो टीकाकरण किया जाएगा।

# फरवरी के अंतिम सप्ताह में दिसंबर जैसी ठंड

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पिछले दस दिन से तेज धूप के बाद मंगलवार सुबह मौसम का अचानक मिजाज बदल गया। पूरे दिन आसमान में बादल छाए हुए थे। शीत लहरों ने आमजन को फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में दिसंबर जैसी ठंड का एहसांस करवा दिया।

पिछले कुछ दिन से मौसम में परिवर्तन देखने को मिल रहा था। दोपहर के समय तेज धूप ने गर्मी की दस्तक देनी शुरू कर दी थी। लेकिन, मंगलवार सुबह अचानक मौसम का मिजाज एकबार फिर बदल गया। पूरे दिन शहरवासियों को धूप के दर्शन तक नहीं हुए। शहर में बारिश जैसी आशंका बनी हुई थी। दोपहर के समय हाफ जैकेट व स्वेटर में घूम रहे लोगों ने एक बार फिर फुल बाजू की स्वेटर व जैकेट निकलनी शुरू कर दी है। वहीं, इसके उलट दुगड्डा से ऊपर पर्वतीय क्षेत्रों में गुनगुनी धूप खिली हुई थी। हालांकि पहाड़ों में सुबह व शाम अब भी ठंड ग्रामीणों को परेशान कर रही है। लगातार बदल रहे मौसम में सर्दी-जुकाम व बुखार के मरीज भी बढ़ रहे हैं। चिकित्सक मरीज व उनके तीमारदारों को बदलते मौसम में अधिक सावधान रहने की सलाह दे रहे हैं।

## नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

नई टिहरी। जोशीमठ क्षेत्र में वन संपदा चोरी के मामले में वन विभाग की अभिरक्षा से फरार नाबालिग नेपाली किशोर को देवप्रयाग पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक बस से पकड़ लिया। पुलिस ने मामले की सूचना जोशीमठ पुलिस को दी है।

थाना प्रभारी अनिरुद्ध मैठाणी ने बताया कि जोशीमठ कोतवाली से एक किशोर के फरार होने की सूचना मिली थी। किशोर को वन विभाग की टीम पौड़ी कोर्ट में पेश करने ले जा रही थी। लेकिन आरोपी मौका पाकर वन विभाग की टीम की पकड़ से भाग निकला। काफी तलाश के बाद जब वह नहीं मिला तो वन आरक्षी आनंद सिंह रावत ने इसकी सूचना कोतवाली जोशीमठ को दी। जिसके बाद उसके फरार होने की सूचना सभी थाना–चौकियों में दी गई। मामले में मंगलवार सुबह जोशीमठ से आ रही बस में देवप्रयाग थाने में तैनात सिपाही भरत सिंह बिष्ट, विवेक भट्ट व होमगार्ड प्रमोद ने तलाशी की, तो बस में उन्हें फरार आरोपी दिखा। पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर जोशीमठ कोतवाली को इसकी सूचना दी।

# लंबित राज्य आंदोलनकारियों के आवेदनों पर निर्णय नहीं होने के विरोध में किया प्रदर्शन



पौड़ी। चयन के लिए लंबित राज्य आंदोलनकारियों के आवेदनों पर कई बार कि प्रशासन के साथ वार्ता व बैठक हो जाने के बाद भी अभी तक निर्णय ना लिए जाने पर नाराज आवेदनकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए डीएम कार्यालय के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया। इस दौरान आवेदनकर्ताओं के साथ चिन्हित राज्य आंदोलनकारी मंच की प्रदेश सचिव बीरा भंडारी ने कहा कि पिछले लंबे समय से आवेदनों पर कोई कदम नहीं उठाए जा रहे है। आरोप लगाया कि प्रशासन उनको गुमराह करने का काम कर रहा है। इससे पूर्व बीती सोमवार की रातभर अलाव जलाकर ये आवेदनकर्ता डीएम कार्यालय के बाहर बैठे रहे। इस दौरान एडीएम ईलागिरी द्वारा प्रदर्शनकारियों को मनाने की कोशिश की गई। लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांग पर अड़े रहे। मंगलवार को भी दिनभर आवेदनकर्ता डीएम कार्यालय के बाहर धरने में बैठे रहे। जिससे डीएम कार्यालय में वाहनों की आवाजाही के लिए दूसरे गेट का इस्तेमाल करना पड़ा। दोपहर बाद पुलिस प्रशासन से वार्ता के बाद आवेदनकर्ताओं ने धरने का स्थान बदलते हुए डीएम कार्यालय के ही बाहर हेमवती नंदन बहुगुणा की मूर्ति स्थल में धरना दिया। चेतावनी दी कि जब तक मांगे हल नहीं होती है वे धरने में बैठे रहेंगे। इस मौके पर विनोद सिंह रावत, भगवंती देवी, दीपा, कांती, कवोत्री, सुलोचना, गीता, निर्मला, आरती, पीतांबरी, बीना आदि शामिल रहे।

### घुड़दौड़ी इंजीनयरिंग कॉलेज 6 छात्रों को मिली प्लेसमेंट

पौड़ी, जीबी पंत प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी संस्थान घुड़दौड़ी पौड़ी के 6 छात्रों का मल्टीनेशनल कंपनियों में प्लेसमेंट हुआ है। कॉलेज के कंप्यूटर साइंस और कंप्यूटर साइंस एआई एमएल के अंतिम वर्ष के छात्र–छात्राओं ने इसमें भाग लिया। एक कंपनी में 4 जबकि दूसरी कंपनी में दो छात्रों का चयन हुआ। बीते छह महीने में इंजीनयरिंग कॉलेज में अब तक 61 छात्रों का चयन विभिन्न नामी कंपनियों में हुआ है। कॉलेज के निदेशक डॉ वीएन काला ने प्लेसमेंट की प्रगति पर खुशी जता चयनित छात्रों को शुभकामना दी।

### जिलाधिकारी को बताई समस्याएं

चमोली। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा बदरीनाथ के कपाट खुलने से पहले क्षेत्र की अस्त व्यस्त सड़कों का सुधारीकरण किया। किशोर पंवार ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें बदरीनाथ यात्रा मार्ग, बदरीनाथ की स्थलीय समस्याओं के बारे में बताया।

# छात्रों ने सिद्धबली मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

## विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं को मंदिर की स्वच्छता के प्रति किया जागरुक


कोटद्वार में स्वच्छता अभियान चलाते आईएचएमएस के विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वारः इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी मैनजमैंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) के मैनेजमेंट विभाग की ओर से स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने कोटद्वार के प्रसिद्ध श्री सिद्धबली मंदिर परिसर और कार्बेट टाइगर रिजर्व के सार्वजनिक पार्क में सफाई अभियान चलाया।

मंगलवार को मैनेजमेंट कोर्स के करीब 70 बच्चे कार्बेट टाइगर रिजर्व के स्वागत कक्ष के बाहर पार्क में पहुंचे। वन अधिकारियों की इजाजत के साथ पार्क में बिखरे प्लास्टि कचरे को एकत्र कर उसका मौके पर निस्तारण किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं सिद्धबली पुल से लेकर पूरे मंदिर परिसर पर बिखरे कूड़े को एकत्र किया और देश-विदेश से मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं सफाई का महत्व समझाया। उन्होंने लोगों से कहा कि मंदिर पूरे देश की आस्था का केंद्र है, इसलिए मंदिर की स्वच्छता बनाए रखना सभी का कर्तव्य है। उन्होंने लोगों जागरुक करते हुए उनसे कूड़े को इधर-उधर न फेंकते हुए डस्टबीन का उपयोग करने की अपील की।

सिद्धबली मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ. जेपी ध्यानी ने छात्रों द्वारा चलाए गए स्वच्छता कार्यक्रम की सराहना की। छात्रों ने मंदिर में पहुंचकर श्री सिद्धबली के दर्शन किए और भंडारा ग्रहण कर बाबा से जीवन में तरक्की की मन्नत मांगी। इस अवसर पर मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष डॉ. अश्वनि शर्मा, असिस्टेंट प्रो. सुरेंद्र सिंह जगवान, अजय, आचार्य प्राध्यापक प्रदीप भट्ट, सुबोध केष्टवाल, ममता, दिव्या काला आदि मौजूद रहे।

# नहीं हो रहे तहसीलदार के डिजिटल हस्ताक्षर, भड़की कांग्रेस

## शासन-प्रशासन से उठाई जल्द समस्या के निराकरण की मांग


रिखणीखाल में कानूनगो के माध्यम से उपजिलाधिकारी को पत्र भेजते कांग्रेसी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : रिखणीखाल उपतहसील में प्रमाण पत्रों पर तहसीलदार के डिजिटल हस्ताक्षर नहीं होने पर कांग्रेस ने रोष व्यक्त किया है।

कहा कि उपतहसील केवल सफेद हाथी बनकर रह गई है। प्रमाण पत्रों में हस्ताक्षर नहीं होने से फरियादियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए इस ओर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।

कांग्रेस नेता प्रमोद रावत के नेतृत्व में कार्यकर्ता व पदाधिकारी रिखणीखाल उपतहसील में पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने कानूनगो के माध्यम से उपजिलाधिकारी को पत्र भेजा। बताया कि उपतहसील में दूरस्त क्षेत्र से ग्रामीण पहुंचते हैं। लेकिन, फरियादियों की अनदेखी की जा रही है। कहा कि रिखणीखाल उपतहसील में पिछले तीन सप्ताह से तहसीलदार नहीं है, जिससे प्रमाण पत्रों में तहसीलदार के डिजिटल हस्ताक्षर नहीं हो पा रहे है।

कहा कि दूरदराज के ग्रामीण अपने आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्रों के लिए उपतहसील का चक्कर काट रहे है। लेकिन, तहसीलदार न होने से उन्हें निराश लौटना पड़ रहा है।

उन्होंने उपजिलाधिकारी से प्रमाण पत्रों में डिजिटल हस्ताक्षर की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। मांग न माने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

ज्ञापन सौंपने वालों में धीरेंद्र बिष्ट, मनोज रावत, दिनेश नेगी, प्रदीप बिष्ट, बचन भारती, देवेंद्र रावत, रवींद्र नेगी शामिल रहे।

### मतदान से मजबूत होगा लोकतंत्र

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : वोटर लिस्ट में नाम दर्ज करवाने के लिए भगवंत ग्लोबल विश्व विद्यालय परिसर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र की मजबूती के लिए अवश्य मतदान करने की अपील की।
तीन दिवसीय कार्यशाला में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों के नाम वोटर लिस्ट में चढ़ाए जाएंगे। प्रतिकुलपति पीएस राणा ने कहा कि मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार है। प्रत्येक चुनाव में हमें अपने मत का अवश्य प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को जाति, धर्म से ऊपर उठकर मतदान करने की भी शपथ दिलवाई। इस मौके पर कुलाधिपति डा. अनिल सिंह, उप कुलाधिपति डा. आशा सिंह, डा. विभांशु सिंह, सेक्टर अधिकारी सुनील देवरानी, जितेंद्र कुमार, ललिता देवी आदि मौजूद रहे।

### माइक्रोबॉयलॉजी लैब हुई स्थापित

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : श्री गुरु राम राय कॉलेज पदमपुर में मेडिकल माइक्रोबायलॉजी लैब स्थापित की गई है। इससे कॉलेज में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को काफी मदद मिलेगी।
मशीन शुभारंभ पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मंजू जखमोला व सुनीता कोटनाला ने किया। प्राचार्य डा. गिरीश उनियाल ने कहा कि यह प्रयोगशाला कॉलेज के लिए अति महत्वपूर्ण है। कॉलेज में नर्सिग सहित पैरामेडिकल के विभिन्न कोर्स का संचालन किया जाता है। जिसके लिए लैब महत्वपूर्ण थी। इस मौके पर प्रणव राज बमराडा, हिमांशु द्विवेदी, डा. कुणाल बिजलवाण, नीरज सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# भारी बारिश में अलाव जलाकर तहसील में आंगनबाडी वर्कस का धरना जारी

चमोली। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मिनी कर्मचारियों का अपनी 5 सूत्रीय मांगों के समर्थन में तहसील में 7वें दिन भी धरना जारी रहा। आंगनबाडी वर्कस ने भारी बारिश के बीच तहसील में अलाव जलाकर दोपहर बाद तक धरना दिया व अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। जोशीमठ आंगनबाडी संघ की अध्यक्ष बीना करवासी ने कहा कि लंबे समय से आंगनबाडी वर्कस अपनी मांगों के सन्दर्भ में सरकार से पत्राचार कर रहे हैं लेकिन उनकी कोई सुनवाई नही हो रही है। आरोप लगाया कि राज्य एवं केन्द्र की विविध योजनाओं को धरातल में उतारने के लिए सरकार उनका सहयोग तो ले रही है लेकिन मानदेय नही बढा रही है। धरने के बाद एसडीएम कार्यालय को दिए अपने ज्ञापन के माध्यम से आंगनबाडी वर्कस ने उनका मानदेय अठ्ठारह हजार प्रतिमाह करने, 15 वर्ष पूरा होने पर मानदेय बढाने, रिटायरमेंट पर एकमुश्त दो लाख देने, गोल्डन कार्ड जारी करने, मिनी आंगनबाड़ी को उच्चीकृत करने, की मांग की।

कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होंगी सरकार के खिलाफ वे आवाज उठाती रहेंगी। धरना देने वालों में उपाध्यक्ष सुनीता थपलियाल, कोषाध्यक्ष शशी फरस्वांण, सचिव अनीता लामा, शान्ती मैखुरी, मंजू देवी, रजनी पंत, देवकी, सरिता परमार, पदमा, मंजू नेगी, कुसुम, बीना वर्मा आदि मौजूद रही।

### ।। कार्यालय :- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल) ।।

पत्रांक :- 4990 /कर अनु0/भव0ना0/2023-24 दिनांक :- 27/02/2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा नगर निगम कोटद्वार के भवन कर अभिलेखों पूर्व भवन स्वामी के स्थान पर अपना नाम दर्ज करने हेतु स्वामित्व प्रमाण पत्रों एवं शपथ पत्र आदि के आधार पर आवेदन किया गया है।

अतः नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा 213(ख) के अन्तर्गत समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को निम्न नामान्तरण/नामान्तरणों पर आपत्ति हो वह मय साक्ष्यों को उपरोक्त सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मियाद समाप्त होने पर उपलब्ध अभिलेखिया साक्ष्यों के आधार पर सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु निर्णय पारित कर लिये जायेंगें।

| क्र0 सं0 | सम्पत्ति संख्या एवं मौहल्ले/वार्ड का नाम | भवन कर अभिलेखों में दर्ज नाम (नाम जो निरस्त होना है) | आवेदक का नाम व पता (नाम जो दर्ज होना है) | सम्पत्ति का स्वामित्व प्राप्त करने का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 397/15 वार्ड नं0 15 नजीबाबाद रोड चौराहा निकट लालबत्ती | श्री विवेक चौहान पुत्र स्व0 श्री कुंवर सिंह चौहान | श्री विमल चौहान पुत्र स्व0 श्री कुंवर सिंह चौहान निवासी मवाकोट वार्ड नं0 30 | मृत्यु प्रमाण पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण पत्र, फ्री-होल्ड रजिस्ट्री एवं शपथ पत्र |
| 2 | 398/15 वार्ड नं0 15 नजीबाबाद रोड चौराहा निकट लालबत्ती | श्री विवेक चौहान पुत्र स्व0 श्री कुंवर सिंह चौहान | श्री विमल चौहान पुत्र स्व0 श्री कुंवर सिंह चौहान निवासी मवाकोट वार्ड नं0 30 | मृत्यु प्रमाण पत्र, उत्तरजीवी प्रमाण पत्र, फ्री-होल्ड रजिस्ट्री एवं शपथ पत्र |

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।

# पौड़ी में पहले दिन शांतिपूर्ण हुई बोर्ड परीक्षाएं



पौड़ी। उत्तराखंड की बोर्ड परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हुई। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर पौड़ी जिले में 129 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। पौड़ी के मुख्य शिक्षाधिकारी दिनेश चंद्र गौड़ ने परीक्षा केंद्र मैटाकुंड, मुंडनेश्वर, कल्जीखाल, मवाधार का निरीक्षण किया। बताया कि पूरे जिले में पहले दिन परीक्षा शांतिपूर्ण रही। मंगलवार को इंटरमीडिएट हिंदी का पेपर था। बीईओ पौड़ी आदर्श ने परीक्षा केंद्र ल्वाली और कालेश्वर में परीक्षा की व्यवस्था को देखा। उधर, अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल एसबी जोशी ने हरिद्वार जिले के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। एडी माध्यमिक जोशी ने भगवानपुर और इकाबालपुर के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

# सिंचाई का पानी उपलब्ध नहीं होने पर काश्तकारों ने जताया रोष

## व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन को सौंपा ज्ञापन


समस्या को लेकर प्रशासन को ज्ञापन देते काश्तकार

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : लालपानी, सनेह क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं होने पर काश्तकारों ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि शासन-प्रशासन काश्तकारों के हितों को लेकर लापरवाह बना हुआ है। शिकायत के बाद भी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। काश्तकारों ने जल्द समस्या का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। कहा कि काश्तकारों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मंगलवार को संयुक्त सेवी संगठन के बैनर तले सदस्यों ने प्रशासन को ज्ञापन दिया। काश्तकारों ने कहा कि सनेह व लालपानी के अधिकांश परिवार खेती पर ही निर्भर हैं। लेकिन, पिछले कई माह से उन्हें खेती के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। कहा कि गेहूं की फसल पकने को तैयार है व इस समय गेंहू की फसल को एक बार पानी की सख्त जरूरत है। लेकिन, विभाग काश्तकारों को सिंचाई का पानी उपलब्ध नहीं करवा पा रहा है। संगठन के महासचिव महानंद ध्यानी ने सिंचाई विभाग पर काश्तकारों की उपेक्षा का आरोप लगाया। कहा कि बाईं खोह नहर की न तो सफाई की जा रही है और न ही काश्तकारों को सिंचाई का पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है। सिंचाई विभाग काश्तकारों की समस्या को लगातार नजर अंदाज कर रहा है। काश्तकारों ने प्रशासन से जल्द समस्या के निराकरण की मांग उठाई। कहा कि यदि इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो काश्तकार एकजुट होकर आंदोलन को मजबूर होंगे। इस मौके पर मोहन सिंह रावत, कृष्ण सिंह नेगी, सतेंद्र सिंह नेगी, रघुवीर सिंह, ज्ञान सिंह बिष्ट, मेहरवान सिंह, हरेंद्र रौतेला शामिल रहे।


**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेंटिटी संख्या : U40109UP2001SGC025867/2356
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

**निविदा सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी.एस.टी., ई.पी.एफ. व ई.एस.आई. में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 14.03.2024 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से दिनांक 13.03.2024 को 13.00 बजे तक उक्त निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक / डाकघर की एफडीआर / सीडीआर / राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि (जीएसटी अतिरिक्त) | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| 33/ 2023-24 | ₹100/- | वि.वि. उपखण्ड द्वितीय, कोटद्वार के अन्तर्गत ग्राम-बिषानी में लाइन शिफ्टिंग का कार्य । | 5000.00 |
| 34/ 2023-24 | ₹250/- | वि.वि. उपखण्ड द्वितीय, कोटद्वार के विभिन्न क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त लाइन बदलने का कार्य । | 12000.00 |

पत्रांक: 462/वि०वि०ख०(को)/टी-6 दिनांक: 27.02.2024 अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/ फैक्स संख्या–0135–2760911 पर दें।)

# जिलाधिकारी ने ली ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम्य विकास अभिकरण के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि संचालित योजनाओं एवं निर्माण कायो में अपेक्षित प्रगति लाते हुए गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जो आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के लोगों को पक्के आवास प्रदान करती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत मिशन मोड में काम करते हुए अवशेष निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराएं। जिला एवं ब्लाक स्तर पर आवास निर्माण कायो की



साप्ताहिक समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किया जाए। डीएम ने कहा कि जो लोग आवास बनाना चाह रहे है, लेकिन अपनी आर्थिक स्थिति के कारण दुविधा में है, उनकी यथासंभव मदद भी की जाए।मनरेगा कायो की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मनरेगा में जो भी निर्माण कार्य होने है, उनको चुनाव आचार संहिता से पहले शुरू करें। मनरेगा में लंबित देनदारियों का तत्काल भुगतान किया जाए। आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहों, क्लस्टर लेवल फेडरेशन द्वारा किए जा रहे कायो का विश्लेषण करें और जनपद की आवश्यकताओं एवं जरूरतों को दृष्टिगत रखते हुए समूहों के माध्यम से आरएफ, सीआईएफ और सीसीएल फंड के साथ उपयोगी योजनाओं पर काम किया जाए। ऐसे स्वयं सहायता समूह जो फंड का उपयोग नहीं कर रहे है, उनका मार्गदर्शन करें। ताकि समूहों की आजीविका में वृद्धि हो। जनपद की डिमांड और सप्लाई का सर्वेक्षण करते हुए रीप के अंतर्गत किसी क्षेत्र विशेष को चिन्हित करते हुए एक व्यापक प्लान तैयार किया जाए। जल संरक्षण के लिए बहुउद्देशीय एप्रोच के साथ मिशन मूड में काम किया जाए। चारधाम यात्रा के दौरान आउटलेट और होटल के माध्यम लोकल उत्पादों का विपणन की व्यवस्था की जाए।



## श्रीनगर में अंकिता के माता–पिता का धरना शुरू

श्रीनगर गढ़वाल। दिवंगत अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर परिजनों ने मंगलवार से पीपलचौरी चौराहे पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। पहाड़ी स्वाभिमान सेना के बैनर तले धरने पर बैठे अंकिता की मां सोनी भंडारी और पिता वीरेंद्र भंडारी ने कहा कि वीआईपी की कॉल रिकॉर्ड और लोकेशन की जांच की जाए। साथ ही आरोपी, नेता और अधिकारियों को सजा से बचाने में सरकारी मदद न की जाय। परिजनों ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस अंकिता केस में पैरवी कर रहे लोगों के परिजनों पर फर्जी मुकदमे बना रही है। इस दौरान परिजनों ने सीएम पुष्कर सिंह धामी से डोभ श्रीकोट स्थित नर्सिंग कॉलेज का नाम जल्द दिवंगत अंकिता के नाम रखने की मांग की। इस मौके पर पहाड़ी स्वाभिमान सेना सरंक्षक आशुतोष नेगी, अध्यक्ष आशीष नेगी ने वीआईपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग की।



## सीसीटीवी में कैद हुई गुलदार की चहलकदमी

श्रीनगर गढ़वाल। नगर क्षेत्र में गुलदार की चहलकदमी लगातार बनी हुई है। बीते सोमवार को नगर निगम क्षेत्रांतर्गत श्रीकोट में एक घर पर गुलदार की चहलकदमी सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। गुलदार की धमक के बाद एक बार फिर नगर क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। श्रीकोट निवासी मदन मोहन भट्ट ने बताया कि बंगाली स्वीट शॉप के समीप उनके आवासीय भवन में सोमवार रात 11:30 बजे गुलदार टेरेस में घूमता हुआ दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि गुलदार की चहलकदमी सीसीटीवी में कैद हुई है।

### कोटी में आज से क्रिकेट मैचों की शुरूआत

नई टिहरी। टीएचडीसी के युवाओं की जरूरत के अनुरूप खेल मैदान तैयार किए जाने के बाद अब 13 साल बाद कोटी में क्रिकेट मैचों की शुरूआत होगी। 28 फरवरी (आज) से कोटी में क्रिकेट मैचों का शुभारंभ किया जायेगा। कोटी स्पोर्टस क्लब के संयोजक कुलदीप पंवार ने बताया कि 28 फरवरी को टीएचडीसी के ईडी एलपी जोशी व अपर महाप्रबंधक प्रशासन डॉ एएन त्रिपाठी के हाथों मैचों का शुभारंभ होगा। मैच में 26 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। मैच के दौरान पुराने रिटायर खिलाड़ियों को यहां पर सम्मानित करने का भी काम किया जायेगा। मैच में विजेता को 31 हजार व उपविजेता को 21 हजार का नगद इनाम के साथ प्रशस्ति पत्र व ट्राफी प्रदान की जायेगी। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी अतिरिक्त रूप से पुरूस्कृत किया जायेगा।

## डीएम खुराना ने ली रेल विकास निगम, बीआरओ तथा एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों की बैठक

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मंगलवार को रेल विकास निगम, बीआरओ तथा एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों की बैठक लेते हुए विभिन्न लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबधित अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर समस्याओं का त्वरित निस्तारण करते हुए योजना के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

किसी भी स्तर पर अनावश्यक कोई भी प्रकरण लंबित ना रहे। जिलाधिकारी ने कहा के रेल विकास निगम द्वारा ग्राम कोलडा व भट्टनगर में अतिरिक्त अर्जित भूमि की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। उन्होंने एसडीएम को निर्देशित किया कि प्रभावितों में प्रतिकर का शीघ्र भुगतान किया जाए। उन्होंने लोनिवि को सुशीला देवी इंटर कॉलेज का संशोधित आंगणन भी शीघ्र रेल



विकास निगम को उपलब्ध कराने को कहा। जिलाधिकारी ने एनएचआईडीसीएल को कमेडा से हेलंग तक बॉटलनेक वाले स्थानों पर चौड़ीकरण का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा भूमि अधिग्रहण संबधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित एसडीएम से समन्वय स्थापित करते हुए जल्द से जल्द कार्य पूर्ण किए जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम आवास योजना में अफसर मिशन मोड में काम करे

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम्य विकास अभिकरण के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में संचालित विकास योजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाते हुए गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश विकास से सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को दिये गए। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत मिशन मोड में काम करते हुए अवशेष निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराएं। जिला एवं ब्लाक स्तर पर आवास निर्माण कायो की साप्ताहिक समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किया जाए। डीएम ने कहा कि जो लोग आवास बनाना चाह रहे है, लेकिन अपनी आर्थिक स्थिति के कारण दुविधा में है, उनकी यथासंभव मदद भी की जाए।

### स्थानीय लोगों की मांगें न मानी तो 4 मार्च को केदारनाथ हाईवे करेंगे जाम

रुद्रप्रयाग। मंगलवार को ब्लॉक सभागार ऊखीमठ में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में केदारनाथ धाम में कैम्पों का संचालन कर रहे व्यवसायियों द्वारा बैठक का आयोजन किया गया।

एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर केदारनाथ यात्रा मार्ग पर व्यवसाय का संचालन ऊखीमठ विकासखंड के मूल निवासियों को दिए जाने की मांग की। जल्द मांगों पर कार्यवाही न होने पर 4 मार्च को रुद्रप्रयाग गौरीकुंड हाईवे पर अनिश्चितकालीन चक्काजाम करने का अल्टीमेटम दिया।

### पीएम मोदी के चार सौ पार मिशन को पूरा करेंगे युवाः संजय सिंह

ऋषिकेश। भाजपाइयों ने डोईवाला के वार्ड नंबर छह में मंगलवार को युवा चौपाल का आयोजन किया। इस दौरान वक्ताओं ने अधिक से अधिक युवाओं को भाजपा से जुड़ने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चार सौ पार के लक्ष्य को पूरा करने में युवाओं की अहम भूमिका रहेगी। उन्होंने सरकार की बेहतर नीति, साफ नियत और सुदृढ़ नेतृत्व के माध्यम से युवाओं को जागरूक करते हुए भाजपा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया स्वीप कार्यक्रम के तहत हरी झंडी दिखाकर दिव्यांग रथ रवाना

चमोली। निर्वाचन विभाग की ओर से स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय से दिव्यांग रथ रवाना किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना और स्वीप के नोडल अधिकारी अभिनव शाह ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। दिव्यांग रथ जनपद में भ्रमण कर दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन विभाग की ओर से दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी देते हुए सक्षम एप पर पंजीकरण करने के लिए प्रेरित करेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने बताया कि वाहन में एलईडी टीवी पर विडियो के माध्यम से मतदाताओं को दिव्यांगजनों को दी जाने वाली जानकारी दी



जाएगी। इसके साथ ही उन्हें सक्षम एप की जानकारी देने के साथ ही पंजीकरण की प्रक्रिया बताने के साथ ही पंजीकरण के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने दिव्यांगजनों से सक्षम एप पर आवश्यक रूप से पंजीकरण करवाने की बात कही है।

### प्रदेश के लोगों ने छलने का काम कर रही है भाजपा सरकारः मंत्री

नई टिहरी। जिला कांग्रेस कमेटी देवप्रयाग की बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री मंत्रीप्रसाद नैथानी ने लोकसभा चुनाव की तैयारी को बूथ स्तर पर कमेटियां गठन किये जाने को कहा। पार्टी कार्यकर्ताओं से उन्होंने जन विरोधी, महिला व युवा विरोधी भाजपा सरकार की नाकामियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया।

ब्लॉक मुख्यालय हिंडोलाखाल में आयोजित जिला कमेटी बैठक में पूर्व मंत्री नैथानी ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने उनके द्वारा हिंडोलाखाल में लाई गई देश की पांचवीं एनसीसी अकादमी को पौड़ी जिले में शिफ्ट करने का काम किया। बडियारगढ़ में स्वीकृत राजकीय महाविद्यालय आज तक नहीं खुला।

## वन विभाग की पकड़ से भागा नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

नई टिहरी। जोशीमठ क्षेत्र में वन संपदा चोरी के मामले में वन विभाग की अभिरक्षा से फरार नाबालिग नेपाली किशोर को देवप्रयाग पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक बस से पकड़ लिया। पुलिस ने मामले की सूचना जोशीमठ पुलिस को दी है। थाना प्रभारी अनिरुद्ध मैठाणी ने बताया कि जोशीमठ कोतवाली से एक किशोर के फरार होने की सूचना मिली थी। किशोर को वन विभाग की टीम पौड़ी कोर्ट में पेश करने ले जा रही थी। लेकिन आरोपी मौका पाकर वन विभाग की टीम की पकड़ से भाग निकला। काफी तलाश के बाद जब वह नहीं मिला तो वन आरक्षी आनंद सिंह रावत ने इसकी सूचना कोतवाली जोशीमठ को दी। जिसके बाद उसके फरार होने की सूचना सभी थाना–चौकियों में दी गई। मामले में मंगलवार सुबह जोशीमठ से आ रही बस में देवप्रयाग थाने में तैनात सिपाही भरत सिंह बिष्ट, विवेक भट्ट व होमगार्ड प्रमोद ने तलाशी की, तो बस में उन्हें फरार आरोपी दिखा।

### जुआ खेलने के आरोप में 5 गिरफ्तार

चमोली। पुलिस ने जिले के पोखरी क्षेत्रान्तर्गत सघन चेकिंग अभियान व मुखबिर की सूचना पर ग्राम बीणा तल्ला बाजार में दुकान के पास से दुकान की आड़ में जुआ खेलते हुए पांच लोगो को गिरफ्तार किया है। फंड से 13,240 बरामद किए गए। पुलिस ने बताया गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध थाना पोखरी पर मजुआ अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## राफ्टिंग के बेहतर संचालन को बनेगा ऐप

नई टिहरी। गंगा नदी में राफ्टिंग गतिविधियों को पारदर्शी व व्यवस्थित बनाने के लिए डीएम मयूर दीक्षित ने गंगा नदी राफ्टिंग प्रबंधन समिति की बैठक ली। जिसमें राफ्टिंग को लेकर कई अहम बिंदुओं पर चर्चा करते हुए यूजर फ्रेंडल ऐप बनाने का निर्णय लिया गया।

जिला कार्यालय कक्ष मंगलवार को आयोजित समिति की बैठक में गंगा नदी राफ्टिंग प्रबंधन समिति में एक ऐप बनाये जाने को लेकर चर्चा की गई।

इस ऐप के माध्यम से पर्यटक ऑनलाइन पेमेंट कर राफ्टिंग के टिकट की बुकिंग कर सकेंगे। इससे राफ्टिंग के संचालन सुविध होगी और किसी को भी समय का अनावश्यक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। डीएम ने साहसिक खेल



अधिकारी को निर्देश दिए कि शीघ्र ही एक ऐप को डिज़ाइन कर इसका डेमो प्रस्तुत करें। कहा कि कि ऐप यूजर फ्रेंडली होना चाहिए, ताकि कोई भी आम नागरिक ऐप को आसानी से ऑपरेट कर सके।

### मानदेय बढ़ाने सहित कई मांगों को लेकर जारी है आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का आंदोलन

रुद्रप्रयाग। वेतन बढ़ोत्तरी सहित अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सरकार सकारात्मक कार्रवाई नहीं करती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मंगलवार को पुराने विकास भवन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने धरना दिया जबकि सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कहा कि सरकार लगातार कई वर्षो से आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के साथ धोखा कर रही है। बार–बार उन्हें गुमराह किया जा रहा है। जिससे मजबूरन उन्हें आंदोलन की राह पकड़नी पड़ रही है। इस मौके पर संगठन की जिलाध्यक्ष सुनीता देवी, शांति खन्ना, सुमन खंडूडी, रेखा पंवार, सुषमा रौथाण, पूनम रावत, संगीता देवी सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी, सेविका व मिनी कार्यकर्ता मौजूद थी।

## पलायन निवारण आयोग के कार्यालय में जड़े ताले



पौड़ी। संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से मंगलवार को ग्राम्य विकास और पलायन निवारण आयोग कार्यालय में तालाबंदी की। समिति सदस्यों का कहना है कि आयोग उपाध्यक्ष नियमित कार्यालय में नहीं बैठते हैं। पलायन रोकथाम के लिए इस आयोग का गठन किया गया था, लेकिन लंबा समय बीतने के बाद भी आयोग पलायन रोकथाम के लिए कुछ नहीं कर रहा है। समिति सदस्यों ने कार्यालय के बाहर नारेबाजी भी की। मंगलवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत संयुक्त संघर्ष समिति सदस्यों ने ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग कार्यालय में तालाबंदी की।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

नई टिहरी। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के एसआरटी परिसर बादशाही थौल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की पूर्व संध्या पर दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पोस्टर, स्लोगन एवं ज्ञान विज्ञान प्रतियोगितायें आयोजित की गई। कार्यक्रमों का शुभारंभ परिसर निदेशक प्रो एए बौड़ाई तथा कार्यक्रम के समन्वयक प्रो आरसी रमोला ने दीप प्रज्वलन कर किया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम के संयोजक डा केसी पेटवाल एवं आयोजक सचिव डॉ दिलीप मीणा तथा रविंद्र धरावत ने अवगत कराया कि 28 फरवरी को संपूर्ण भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है और इस उपलब्ध में परिसर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



पर दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया शुरू किया गया है। प्रथम दिवस में छात्र–छात्राओं के लिए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर, स्लोगन एवं ज्ञान विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## 21 मार्च को धूमधाम से होगा होली मिलन

ऋषिकेश। श्री परशुराम महासभा द्वारा 21 मार्च को रुक्मणि माई धर्मशाला में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम और कवि सम्मेलन आयोजित होंगे। मंगलवार को दून मार्ग स्थित एक कार्यालय में श्री परशुराम महासभा की बैठक हुई। महासभा के अध्यक्ष संदीप शास्त्री ने कहा कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व कवि सम्मेलन आयोजित होगा। कहा कि यह होली मिलन समारोह 21 मार्च को रूकमणि माई धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। महासभा के मीडिया प्रभारी प्यारेलाल जुगरान ने बताया कि कार्यक्रम में नगर के सामाजिक, राजनीतिक व सम्मानित लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। मौके पर आरडी गौनियाल, ओमप्रकाश शर्मा, अरुण शर्मा, श्रीकांता शर्मा, अनिता रैना, राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा कुसुम कंडवाल, सरोज डिमरी, लक्ष्मीनारायण जुगलान, केके शर्मा, राजेश कंडवाल, सतीश दुबे, भारत भूषण बाली, विनोद कोठारी, मदन शर्मा, राकेश कंडवाल, सतीश दुबे, आदि उपस्थित रहे।

### चुनावों के लिए संदीप पांडे नए मुख्य चुनाव अधिकारी मनोनीत

हल्द्वानी। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने हल्दूचौड़ व्यापार मंडल इकाई के चुनावों से पूर्व चुनाव संचालन समिति में बदलाव किया है। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, इकाई प्रभारी रविंद्र बोरा व जिला निर्वाचन अधिकारी रामपाल गंगोला की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्षवर्द्धन पांडे ने चुनाव संपन्न कराने के लिए नये मुख्य चुनाव अधिकारी का मनोनयन किया है।


जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

नागेन्द्र उनियाल

आर.एन.आई. 35469/79


फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com